**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0सं0– 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II....1339....

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**प्रोजेक्ट मैनेजर**
**हवाई सर्वेक्षण एजेंसी**
ARAHAS Technology Pvt. Ltd.
IIC Technology, Hyderabad
GIS Consortium, New Delhi

पटना, दिनांक :– 20/03/2025

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अर्न्तगत तैयार किये जाने वाले मानचित्रों के निर्माण के क्रम में पूर्व निदेश के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 156 दिनांक 21.01.2022, पत्रांक 274 दिनांक 09.02.2022, पत्रांक 462 दिनांक 28.02.2022 एवं पत्रांक 659 दिनांक 07.02.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अर्न्तगत तैयार किये जाने वाले मानचित्र के संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा पूर्व में यथा आवश्यक निदेश निर्गत किये गये है। ज्ञातव्य हो कि बिहार के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जहाँ पूर्व निदेश के आलोक में अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का निर्माण किया जाना अपेक्षित है।

अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा निर्गत सभी निदेश/पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेशित किया जाता है कि पूर्व में दिये गये निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए मानचित्र निर्माण की कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

अनु:- यथोक्त।

विश्वासभाजन

19/3/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II..1339.... **पटना, दिनांक**...20/03/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/3/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

B:\Dharmveer\Y-2025\Mayur Ji\Director\319-2016 Part-II 18-03-2025.doc

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II..1339.....**पटना, दिनांक** 20/03/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सादर सूचनार्थ।

19/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II..1339....**पटना, दिनांक** 20/03/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप,

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0– 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016 Part-II.......659.......

प्रेषक,

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**प्रोजेक्ट मैनेजर**
**हवाई सर्वेक्षण एजेंसी**
ARAHAS Technology Pvt. Ltd.
IIC Technology, Hyderabad
GIS Consortium, New Delhi

पटना, दिनांक :- 07/02/2025

विषय :– प्रपत्र–20 में प्रकाशित होने वाले अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशित होने वाले अंतिम मानचित्र में त्रुटि सुधार के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि वर्तमान समय में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्र्तगत प्रपत्र–20 में प्रकाशित अंतिम अधिकार अभिलेख के साथ प्रकाशित होने वाले मानचित्र की प्रति विभिन्न जिलों द्वारा निदेशालय में उपलब्ध कराए जाने के पश्चात दिनांक 04.02.2025 को आपकी उपस्थिति में की गई बैठक में अंतिम रूप से प्रकाशित मानचित्र की मुद्रित प्रति में निम्नलिखित त्रुटियाँ पाई गई जो निम्नवत् है :–

1. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी IIC द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र में बाये तरफ अंतिम प्रकाशन की तिथि अंकित की गई है, जिसकी आवश्यकता नहीं है।
2. कुछ मानचित्रों में अंको को देवनागरी लिपि में अंकित किया गया है, जबकि सम्पूर्ण मानचित्र में अंको का मुद्रण रोमन लिपि यथा 1,2,3,4,5 किया जाना है।
3. अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र में किसी राजस्व ग्राम के अन्र्तगत आने वाले आवासीय क्षेत्रों (टोलो) का प्रचलित नाम प्रपत्र–6 में अंकित करने एवं उसके अनुरूप प्रारूप तथा अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र तैयार करने के संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4249 दिनांक 12.05.2023 द्वारा आवश्यक निदेश निर्गत किये गये है, जिसका अनुपालन किया जाना आवश्यक है (पत्र की प्रति सलंग्न)।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय भू–भागों के मानचित्रो में स्केल 1:4000 और 1cm=40m प्रदर्शित है जो वास्तव में 1:1000 और 1cm=10m होना चाहिए।

अतः उक्त के आलोक में प्रपत्र–20 में प्रकाशित अंतिम अधिकार अभिलेख के साथ प्रकाशित होने वाले मानचित्र में सुधार करने की कार्रवाई की जाए तथा पूर्व में उपलब्ध कराये गये त्रुटिपूर्ण मानचित्र के स्थान पर दिये गये निदेश के अनुसार मानचित्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। .

विश्वासभाजन
7/2/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

कृ0प0उ0

B:\Dharmveer\Y- 2025\Mayur Bhiya\Director\319-2016 Part-II 04-02-2025.doc

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II.....659..... **पटना, दिनांक** 07/02/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/2/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II..659....... **पटना, दिनांक** 07/02/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सादर सूचनार्थ।

7/2/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक – 17/वि0सर्वे0 एजेंसी –319/2016** Part-II..659....... **पटना, दिनांक** 07/02/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/2/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0 :– 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04 / 2022** 4249

प्रेषक,

**जय सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
शेखपुरा, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, शिवहर
सीतामढ़ी, सुपौल, पश्चिमी चम्पारण, अररिया, बेगूसराय
**अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त**
नालंदा, मुंगेर, अरवल, जमुई, खगड़िया, किशनगंज,
कटिहार, पूर्णियाँ, सहरसा, मधेपुरा

पटना, दिनांक :– 12/05/2023

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अर्न्तगत राजस्व ग्रामो के आवासीय क्षेत्रों (टोलो) का खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) एवं इसके अनुरूप अधिकार अभिलेख को राजस्व ग्राम के खण्ड के रूप में अलग से संधारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि राज्य स्तर पर विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुरूप वर्त्तमान विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रक्रिया में पूर्व से स्थापित राजस्व ग्रामों के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों या टोलो को अलग से चिन्हित करने एवं आवासीय क्षेत्रों का मानचित्र कृषि क्षेत्रों के साथ तैयार करने की प्रक्रिया में आवासीय क्षेत्रों के मानचित्र के स्केल में भिन्नता (1:1000) होने तथा इससे सम्पूर्ण राजस्व ग्राम के मानचित्र को अन्तिम रूप से तैयार करने में होने वाले विलम्ब को देखते हुए निदेशालय स्तर पर वर्त्तमान विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में राजस्व ग्रामों के कृषि क्षेत्रों एवं आवासीय क्षेत्रों की खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) अलग–अलग संधारित किया जाना है और अधिकार अभिलेख भी कृषि क्षेत्र एवं आवासीय टोलो के लिए अलग–अलग तैयार किया जाना है। इस कार्य का क्रियान्वयन भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के माध्यम से करने एवं राजस्व ग्रामों के प्रचलित नाम के साथ ग्राम के अर्न्तगत आने वाले आवासीय क्षेत्रों (टोलो) का प्रचलित नाम प्रपत्र–6 में अंकित करने तथा उसके अनुरूप प्रारूप अधिकार अभिलेख तथा अंतिम अधिकार अभिलेख तैयार करने के संबंध में तैयार किया गया ऑनलाईन इन्ट्री संबंधी यूजर मैनुअल एवं प्रपत्र इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि जिस राजस्व ग्रामों में प्रपत्र–6 (खेसरा) निर्माण की आरम्भिक अवस्था में है अथवा खानापुरी पूर्ण कर प्रपत्र–6 का संधारण प्रारम्भ किया जाना है, उनमें आवासीय एवं कृषि क्षेत्रों को अलग–अलग चिन्हित कर आगे की कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। साथ इस प्रक्रिया के क्रियान्वयन में यदि सैद्धान्तिक अथवा व्यावहारिक समस्या आती है तो समस्या को स्पष्ट करते हुए प्रस्तावित समाधान को सुझाव के रूप में निदेशालय को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

**ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04 / 2022** 4249 **पटना, दिनांक** 12/05/2023

प्रतिलिपि : समाहर्त्ता, शेखपुरा, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल, पश्चिमी चम्पारण, अररिया, नालंदा, मुंगेर, अरवल, जमुई, खगड़िया, किशनगंज, कटिहार, पूर्णियाँ, सहरसा, मधेपुरा, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

बृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04/2022 4249 पटना, दिनांक 12/05/2023

प्रतिलिपि : अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, शेखपुरा, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, शिवहर सीतामढ़ी, सुपौल, पश्चिमी चम्पारण, अररिया, बेगूसराय, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04/2022 4249 पटना, दिनांक 12/05/2023

प्रतिलिपि : संबंधित जिलों के सभी भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता/संबंधित जिलों के सभी नोडल पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04/2022 4249 पटना, दिनांक 12/05/2023

प्रतिलिपि : श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04/2022 4249 पटना, दिनांक 12/05/2023

प्रतिलिपि : तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी IEISL (IL&FS), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0 –04/2022 4249 पटना, दिनांक 12/05/2023

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार, बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–विशेष सर्वेक्षण–240/2019........462

प्रेषक,

**जय सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **Project Manager,**
   IIC Technologies Limited,
   Bihar, Patna
2. **Project Manager.**
   IEISL (IL&FS)
   Bihar, Patna.
3. **Project Manager,**
   GIS Consortium,
   Bihar, Patna

पटना, दिनांक :–28-02-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत तैयार किए जाने वाले मानचित्रों में टेम्पलेट एवं Symbol निर्धारित करते हुए मानचित्र का निर्माण करने के संबंध में।

विषय :– निदेशालय का पत्रांक–156 दिनांक–21.01.2022 एवं पत्रांक–274 दिनांक–09.02.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों के संबंध में स्पष्ट करना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्रों में प्रदर्शित किए जाने वाले टेम्पलेट एवं मानचित्रों में उनके प्रकाशन के स्थान के संबंध में पूर्व में आपको निदेशित किया जा चुका है। उक्त के संबंध में आपके साथ दिनांक–24.02.2022 की गई समीक्षात्मक बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के संबंध में दिनांक–25.02.2022 को बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण के समीक्षात्मक बैठक में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत तैयार किए जाने वाले मानचित्रों में टेम्पलेट एवं Symbol निर्धारित करने के संबंध में विमर्श किया गया एवं अंतिम रूप से प्रकाशित होनेवाले मानचित्रों के प्रकाशन में त्रिसिमाना पर स्थापित किए जाने वाले मोन्यूमेंटेशन का कोर्डिनेट मानचित्र में प्रदर्शित नहीं करने का निर्णय लिया गया। अतः निदेशालय के पत्रांक–156 दिनांक–21.01.2022 में टेम्पलेटों को प्रदर्शित की जाने वाली कंडिका–10 एवं 11 को छोड़कर शेष टेम्पलेटों का प्रदर्शन मानचित्र में किया जाए। साथ ही पत्रांक–274 दिनांक–09.02.2022 का अनुपालन भी किया जाए।

अतः उपर्युक्त के संबंध में अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले नमूना मानचित्र की सॉफ्ट प्रति संलग्न एवं अनुमोदित करते हुए अनुरोध है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया में संलग्न मानचित्र के अनुसार मानचित्र का निर्माण करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र–20 में अंतिम रूप से प्रकाशित मानचित्र को भू–नक्शा सॉफ्टेयर में संधारित करना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

28/2/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Santosh-2022\Birendra kumar Asst\director\file no. 240 2019 28.02.2022.doc

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......462......पटना, दिनांक: 28-02-2022

**प्रतिलिपि:–** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......462......पटना, दिनांक: 28-02-2022

**प्रतिलिपि:–** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......462......पटना, दिनांक: 28-02-2022

**प्रतिलिपि:–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।


**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......462......पटना, दिनांक: 28-02-2022

**प्रतिलिपि :** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।


**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
28/2/22

D:\[illegible] file no. 240 2019 28.02.2022.doc



SHEET INDEX

बिहार भौगोलिक सूचना प्रणाली



**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–विशेष सर्वेक्षण–240/2019.....274

प्रेषक,

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **Project Manager,**
   IIC Technologies Limited,
   Bihar, Patna
2. **Project Manager.**
   IEISL (IL&FS)
   Bihar, Patna.
3. **Project Manager,**
   GIS Consortium,
   Bihar, Patna

पटना, दिनांक :–09-02-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत अंतिम–अभिलेख का मानचित्र बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–158 दिनांक–21.01.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्रों में प्रदर्शित किए जाने वाले टेम्पलेट एवं मानचित्रों में उनके प्रकाशन के स्थान के संबंध में निदेशित किया गया था उसके अनुरूप IIC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा राजस्व ग्राम–विनोदपुर, थाना संख्या–229 तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध कराया गया था। मिलान करने पर निम्न त्रुटि पाया गया:–

| क्र0सं0 | अंकित प्रविष्टि | शुद्ध प्रविष्टि |
|---|---|---|
| 01. | मिलान चादर शीट | मिलान चादर (शीट) संख्या |
| 02. | बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर | सरकार के प्राधिकार से निर्मित एवं प्रकाशित के नीचे बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर |
| 03. | N | N S |
| 04. | संकेत चिन्ह का हिन्दी विवरण का स्पेलिंग | संकेत चिन्ह का हिन्दी विवरण का स्पेलिंग सही नहीं है, जिसे सही किया जाए। |
| 05. | Latitude एवं Longitude का अंतराल | Latitude एवं Longitude का अंतराल बराबर किया जाए। |
| 06 | थाना नं0 | Template में थाना नं0 शब्द अंकित नहीं है। |
| 07. | पैमाना एवं परिवर्तित स्केल का यूनिट | पैमाना एवं परिवर्तित स्केल का यूनिट सेमी एवं मीटर में है तो चेन और जरीब को भी मीटर एवं सेमी के रूप में बदल कर लिखा जाए। |

उपर्युक्त के संबंध में अनुरोध है कि अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्र में शुद्ध प्रविष्टि के अनुसार तैयार कर मानचित्र बन्दोबस्त कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन
9/2/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Survey-2022\Birendra kumar Asst\Assistant director\file no. 240 2019 08.02.2022 1.doc

पटना, दिनांकः 09-02-2022

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......274......

**प्रतिलिपिः–** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/2/22

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

पटना, दिनांकः 09-02-2022

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......274......

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/2/22

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

पटना, दिनांकः 09-02-2022

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......274......

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/2/22

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019......156......

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **Project Manager,**
IIC Technologies Limited.
Bihar, Patna
2. **Project Manager.**
IEISL (IL&FS)
Bihar, Patna.
3. **Project Manager,**
GIS Consortium.
Bihar, Patna

पटना, दिनांक :– 21-01-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत तैयार किए जाने वाले मानचित्रों में टेम्पलेट एवं Symbol उपलब्ध कराने के संबंध में।







महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विगत सर्वेक्षण यथा कैडेस्ट्रल / रिविजनल सर्वेक्षण अंतर्गत तैयार मानचित्रों में प्रदर्शित किए गए टेम्पलेट में समयानुकूल परिवर्त्तन किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के साथ बैठक कर बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्रों में प्रदर्शित किए जाने वाले टेम्पलेट एवं मानचित्रों में उनके प्रकाशन के स्थान के संबंध में निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के आलोक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप में प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्रों में टेम्पलेटों का प्रदर्शन निम्नवत किया जाएगा:–

| क्र0 सं0 | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में अंकित किया जाने वाला टेम्पलेट | मानचित्र में प्रदर्शित किए जाने का स्थान |
|---|---|---|
| 01. | अंग्रेजी में राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना संख्या | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 02. | चादर नं0 | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 03. | मौजा का नाम (हिन्दी में) | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 04. | अंचल | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 05. | जिला का नाम | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 06. | वर्ष | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के उत्तर एवं बायें तरफ या उत्तर एवं दायें तरफ |
| 07. | पैमाना (Scale) | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं बायें तरफ |
| 08. | परिवर्तित पैमाना | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं बीच में |

| | | |
|---|---|---|
| 09. | मिलान चादर शीट संख्या | परिवर्तित पैमाना के दक्षिण एवं दाये तरफ में |
| 10. | त्रि–सिमाना का कोर्डिनेट | राजस्व ग्राम का सभी त्रि–सिमाना का कोर्डिनेट, D.G.P.S ऑब्जरवेशन पश्चात् का अंकित होना चाहिए। |
| 11. | T.C.P का कोर्डिनेट | मानचित्र में दो T.C.P का कोर्डिनेट, D.G.P.S ऑब्जरवेशन पश्चात् का अंकित होना चाहिए। |
| 12. | ग्रीड का कोर्डिनेट | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के सभी ग्रीड का कोर्डिनेट |
| 13. | सरकार के प्राधिकार से निर्मित एवं प्रकाशित<br>बन्दोबस्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर | विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के दक्षिण एवं पूरब तरफ (नीचे) |

उक्त टेम्पलेटों के अतिरिक्त मानचित्र में प्रदर्शित किए जाने वाले पूर्व से उपलब्ध Symbol में 18 अनुपलब्ध Feature के लिए निर्धारित किए गए Symbol की सूची निम्न प्रकार हैः–

| S.NO | Feature Name | SYMBOL |
|---|---|---|
| 1 | PAKKA MAKAN |  |
| 2 | KACHHA MAKAN |  |
| 3 | JHOPDI |  |
| 4 | NADI |  |
| 5 | PAEIN |  |
| 6 | EENT BHATTA |  |
| 7 | KHEL MAIDAN |  |
| 8 | THEATERE |  |
| 9 | GAUSHALA |  |
| 10 | WATER PIPELINE |  |
| 11 | MURGI PALAN |  |
| 12 | FISH HATCHERIES |  |
| 13 | BAANS BARI |  |
| 14 | DAIRY |  |
| 15 | LIFT SINCHAI |  |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | STADIUM |  |
| 17 | HATT/BAZAR |  |

उपर्युक्त के संबंध में बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के साथ की गई बैठक की कार्यवाही संलग्न कर अनुरोध है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने वाले मानचित्रों में तैयार किए गए टेम्पलेट एवं Symbol को प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, पटना एवं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपिः** बन्दोबस्त पदाधिकारियों बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपि-** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / आई टी0 सेल / GIS Lab, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–240 / 2019**......156......**पटना, दिनांकः** 21-01-2022

**प्रतिलिपि :** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप